Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to give minimum support prices for agricultural crops in Punjab.

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण विषय उठाना चाहता हूँ। अलग-अलग प्रदेशों की सरकारों को वहाँ की हाई कोर्ट्स ने डायरेक्शन दी है कि किसानों की पैदावार को एमएसपी पर खरीदा जाए।

मुझे इस बात का दुःख है कि पंजाब में मक्का और सूरजमुखी को खरीदने के लिए पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने वहाँ की सरकार को डायरेक्शन दी है। उसने वहाँ की सरकार पर बहुत ही महत्त्वपूर्ण टिप्पणी की है। उसने कहा है कि जो सरकार 10 करोड़ रुपये का प्रबंध किसानों की पैदावार को तय मूल्य पर खरीदने के लिए नहीं कर सकती है, वह सरकार कहे जाने की हक़दार नहीं है।

पंजाब के किसान खुदकुशी कर रहे हैं। पिछले चार महीने में कम से कम दो सौ किसानों ने खुदकुशी कर ली है। वहाँ किसानों के साथ कर्जमाफी के नाम पर धोखा हुआ, विश्वासघात हुआ है।

इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूँ कि भारत सरकार पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट की टिप्पणी के संबंध में वहाँ की सरकार को एडवाइज़री जारी करे।

माननीय सभापति :

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।